हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## सुशासन तिहार का पहला दिन

**खास बातें**
- सुशासन तिहार का तीसरा चरण प्रारंभ
- हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी से देर से उड़े सीएम साय
- सक्ती के बरोदा में उतरा उड़नखटोला
- लगाई चौपाल और सुनी ग्रामीणों की समस्याएं
- सीएम के साथ मौजूद रहे अफसर



*डेढ़ साल पहले सत्ता संभालते ही सुशासन लाने का दावा किया था तो उसकी जमीनी हकीकत भी जानना जरूरी है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय चिलचिलाती धूप में अपने अमले के साथ राज्य की खाक छानने निकल पड़े हैं। मुख्य सचिव अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव सुबोध सिंह और सचिव पी दयानंद की मुख्यमंत्री के साथ यात्रा में बातें यह अहसास अहसास करा रही थी कि कोई अभियान को हल्के में लेने की गलती ना करे।*

# सुशासन के दावे की हकीकत जानने निकले विष्णुदेव पहले दिन पहुंचे सक्ती, पीपल के नीचे लगाई चौपाल

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

आठ अप्रैल से राज्य सरकार के शुरू हुए सुशासन तिहार के तीसरा चरण का आज पहला दिन खासा उत्तेजना भरा रहा। मुख्यमंत्री को सुबह दस बजे पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड से उड़ान भरना तय था। गाड़ियों का काफिला सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर लग चुका था और मुख्य सचिव भी निर्धारित समय से पांच मिनट पहले ही हेलीपैड पहुंच भी गए थे लेकिन तभी पायलट ने बताया ▶▶|शेष पेज 7 पर

### ...तो कलेक्टर होंगे सस्पेंड

मुख्यमंत्री ने कोरबा जिले के ग्राम मदनपुर में आयोजित शिविर में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में 1 रुपए भी रिश्वत लेने की शिकायत मिली तो कलेक्टर को सीधा सस्पेंड करेंगे।

**कड़ी धूप में मशक्कत**






भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय का बड़ा कदम

# 54 साल बाद राज्यों में होगी हवाई हमले से बचाव की 'मॉक ड्रिल', गूंजेगा सायरन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच कई राज्यों से 7 मई को 'मॉक ड्रिल' आयोजित करने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ड्रिल के दौरान किए जाने वाले उपायों में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का संचालन और नागरिकों को किसी भी हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए सुरक्षा पहलुओं पर प्रशिक्षण देना शामिल है। अन्य उपायों में दुर्घटना की स्थिति में 'ब्लैकआउट' के उपाय, महत्वपूर्ण संयंत्रों और प्रतिष्ठानों की रक्षा तथा निकासी ▶▶|शेष पेज 7 पर

- भारत-पाक युद्ध के समय 1971 में हुआ था मॉक ड्रिल
- किसी भी हमले से नागरिकों को बचाव का प्रशिक्षण

*पाकिस्तान से तनाव के बीच केंद्र सरकार ने राज्यों को फरमान जारी किया है। गृह मंत्रालय ने राज यों को 7 मई को नागरिक सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल करने के लिए कहा है। राज यों को हवाई हमलों से बचने के लिए मॉक ड्रिल का निर्देश दिया है। पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में आयोजित की गई थी, जब भारत और पाकिस् तान के बीच दो मोर्चों पर युद्ध हुआ था। इस युद्ध के 54 सालों बाद अब देश में मॉक ड्रिल होने जा रही है।*

### केंद्र के ऐसे निर्देश

- हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन को बजाया जाएगा
- हमले की स्थिति में बचाव के लिए नागरिकों और छात्रों आदि को सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण दिया जाए
- मॉक ड्रिल के दौरान ब्लैक आउट किया जाएगा
- महत्वपूर्ण संयंत्रों-प्रतिष्ठानों को समय से पहले ही छिपाने के उपाय किए जाएंगे
- साथ ही लोगों को निकालने की योजना और उसका अभ्यास किया जाएगा

**पीएमओ में ताबड़तोड़ बैठकें सीजेआई के बाद पीएम से मिले राहुल**



### पीएम मोदी से रक्षा सचिव ने की मुलाकात



भारत ने 2019 में पुलवामा के बाद जम्मू-कश्मीर में हुए सबसे भीषण हमले को लेकर भारत किसी को बख्शने वाला नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से मुलाकात की। अटकलें लगाई जा रही हैं कि नई दिल्ली हमले का क्या जवाब देगी। बैठक आधे घंटे से अधिक समय तक चली।

### पुतिन का भारत को समर्थन, चीन बोला- हम पाक के साथ

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की और कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का पूरा समर्थन करता है। दूसरी तरफ इस्लामाबाद में चीनी राजदूत जियांग जैदोंग ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति से मुलाकात की और कहा कि चीन पाकिस्तान का हमेशा समर्थन करेगा।

### भारत आएंगे रूसी राष्ट्रपति



*राष्ट्रपति पुतिन ने इस वर्ष भारत में आयोजित होने वाले वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री का निमंत्रण स्वीकार कर लिया।*

**खबर संक्षेप**

### वक्फ पर अब 15 मई को होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर 15 मई को न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई तय की। सीजेआई संजीव खन्ना ने सुनवाई टालते हुए कहा कि इस मामले पर अंतरिम आदेश पारित करने से पहले लंबी सुनवाई की जरूरत है।

**भृत्य की शिकायत पर एक्शन**

## अटके वेतन के लिए मांगी रिश्वत, धरा गया बाबू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

माध्यमिक विद्यालय के एक दैनिक वेतनभोगी भृत्य का तीन साल से अटका हुआ वेतन भुगतान करने के नाम पर 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग करने वाले हेड क्लर्क को बिलासपुर की एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग में कार्यरत हेड क्लर्क एमएस फारुखी ने खरसिया क्षेत्र स्थित हालाहुली माध्यमिक शाला में पदस्थ दैनिक वेतनभोगी भृत्य उसुराम केंवट के साल 2014 से 2017 तक के रूके हुए वेतन का भुगतान करने ▶▶|शेष पेज 7 पर

### काट रहा था चक्कर

बताया जा रहा है कि भृत्य काफी समय से अपने लंबित वेतन को प्राप्त करने के लिए शिक्षा विभाग के चक्कर काट रहा था।जबकि उसने लंबित वेतन को प्राप्त करने उच्च न्यायालय में याचिका लगाई थी और इस याचिका पर संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय ▶▶|शेष पेज 7 पर




50 रुपये तक का कैशबैक* पाएं
बिजली, गैस, क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान, डीटीएच और फास्टैग रिचार्ज पर
यह ऑफर चुनिंदा ग्राहकों के लिए May 1, 2025 - May 31, 2025 तक उपलब्ध है
GET IT ON Google Play | Download on the App Store
DOWNLOAD NOW
*अन्य नियम व शर्तें लागू। अधिक जानकारी के लिए, https://www.bhimupi.org.in/offers पर जाएं
भारत का अपना पेमेंट्स ऐप
#PaisonKiKadar

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के तत्कालीन ज्वाइंट डायरेक्टर के भ्रष्टाचार के 30 साल पुराने मामले में ईओडब्ल्यू ने 30 साल बाद बिलासपुर कोर्ट में चालान पेश किया है। अफसर के ठिकानों पर भोपाल से आए ईओडब्ल्यू के अफसरों ने 13 सितंबर 1995 को छापे की कार्रवाई करते हुए अनुपातहीन संपत्ति जब्त की थी। तब अफसर के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 (1) ई, 13 (2) के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की थी।

# भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ ईओडब्लू ने 30 साल बाद पेश किया चालान

## खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के तत्कालीन ज्वाइंट डायरेक्टर के खिलाफ बिलासपुर कोर्ट में चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



ईओडब्ल्यू द्वारा जारी बयान के मुताबिक, डीडी भूतड़ा के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की गई थी। इस दौरान उनके यहां से पांच लाख रुपए नकद के साथ बिलासपुर में राइस मिल, कई जमीनें, सोना-चांदी जब्त किए गए थे। जांच में डीडी भूतड़ा की संपत्ति उनकी मूल आय से 303.45 प्रतिशत ज्यादा पाई गई। बिलासपुर कोर्ट में डीडी भूतड़ा के खिलाफ जांच पूरी होने के बाद कोर्ट में अंतिम प्रतिवेदन पेश किया गया है।

### भोपाल में पोस्टिंग के दौरान बनाई थी अकूत संपत्ति

डीडी भूतड़ा के यहां जब छापे की कार्रवाई की गई, तब उनकी पोस्टिंग भोपाल में थी। भोपाल में रहते हुए भूतड़ा ने भ्रष्टाचार से कमाई की रकम से बिलासपुर में राइस मिल खोलने के अलावा रायपुर तथा बिलासपुर में संपत्तियां खरीदीं। ईओडब्ल्यू की टीम ने भूतड़ा के रायपुर तथा बिलासपुर स्थित ठिकानों में छापे की कार्रवाई की थी, तब भूतड़ा की उम्र 55 साल थी। वर्तमान में वे 85 वर्ष के हो गए हैं।




### जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत टीम बनाकर की जा रही कार्रवाई

ईओडब्ल्यू, एसीबी में एक दशक से ज्यादा के करीब 40 से 50 पुराने मामले पेंडिंग हैं, जिनका कोर्ट में चालान पेश नहीं हो पाया है या किसी मामले में अभियोजन स्वीकृति नहीं मिल पाई है। ऐसे मामलों के निपटारे के लिए एसीबी तथा ईओडब्ल्यू की अलग से टीम बनाई गई है और पुराने मामलों की जांच पूरी कर कोर्ट में पेश किया जा रहा है। एसीबी, ईओडब्ल्यू के आईजी अमरेश मिश्रा के मुताबिक, शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सभी पुराने मामलों का जल्द से जल्द निपटारा किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### चिल्हाटी थाना रिश्वत कांड, प्रभारी और प्रधान आरक्षक निलंबित

**मोहला।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के चिल्हाटी थाना प्रभारी रविशंकर डहरिया को महाराष्ट्र के एक फौजी परिवार के साथ कथित ज्यादती करने के साथ-साथ रिश्वत लेने के मामले में एसपी वाईपी सिंह ने निलंबित कर दिया है। वहीं पीड़ितों पर मामला दबाने को लेकर दबाव बनाने वाले प्रधान आरक्षक राजेश्वर बोगा को भी निलंबित कर दिया गया है। अंबागढ़ चौकी विकासखंड के चिल्हाटी थाना प्रभारी पर आरोप है कि महाराष्ट्र का रहने वाले फौजी परिवार को कथित मवेशी तस्करी की आशंका पर रातभर थाना में बिठाकर सुबह गरीब किसान, बैल मालिक, पिकअप वाहन मालिक एवं कारगिल युद्ध लड़े फौजी के बड़े भाई से एक लाख से ऊपर की रिश्वत ली गई। आईजी ने मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद एसपी को सीधे थाना प्रभारी और मामले में लिप्त खाकी को शर्मसार करने वाले लोगों पर निलंबन की कार्रवाई करने का आदेश दिया।

## बरमकेला में हुई एफआईआर के बाद रायगढ़ में भी मचा हड़कंप, अपेक्स बैंक प्रबंधन ने की बर्खास्तगी

# किसानों को पता ही नहीं और उनके नाम से करोड़ों का लोन

जिले में समितियों और किसानों को नकद व खाद के नाम पर वितरण किए गए लोन में लाखों की गड़बड़ी सामने आई है। जिस पर बरमकेला में एफआईआर भी दर्ज की गई है। इस एफआईआर के बाद रायगढ़ में भी कार्रवाई का भय इस फर्जीवाड़े से जुड़े अधिकारी व समितियों संबंधित कर्मचारियों को सताने लगा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इस संबंध में सूत्र बता रहे हैं कि इससे संबंधित लोगों ने वर्ष 2019.2023 तक इस फर्जीवाड़े को लगातार जारी रखा। जानकारी के अनुसार 10.20 रुपए के हलफनामे में कुछ लोगों ने झांखर कोटवारी व चौकीदार को आबंटित की गई भूमि को छिछोर उमरिया कोडपाली पुसौर छपोरा के संबंधित क्षेत्र के पटवारी व राजस्व निरीक्षकों की मिलीभगत से और इस हलफनामे के माध्यम से शासकीय दस्तावेजों में अपना नाम दर्ज करवाया। पंजीयन करने के बाद इसका खाद बीज और केसीसी से मिलने के वाले लोन सहित सभी लाभ का फायदा हुआ। दरअसल जिस भूमि पर कभी खेती नहीं हुई वहां भी दस्तावेजों में धान की फसल लगा होना बताया गया। जिसके आधार पर ही उन्हें लोन अपेक्स बैंक और संबंधित समितियों से मिलता रहा। यानी सामान्य तौर पर समझें तो जो लोन वास्तविक किसानों को मिलना चाहिए था वह लोन इन हलफनामों में दर्ज फर्जी किसानों को मिलता रहा। जिस पर कुछ कमीशन समितियों सहित अपेक्स बैंक के अधिकारियों को भी जाने की जानकारी मिल रही है। सूत्र बता रहे हैं कि रायगढ़ जिले के 7 विकासखंड में सबसे अधिक फर्जीवाड़ा खरसिया पुसौर और लैलूंगा में हुआ है।

हरिभूमि फॉलोअप


शाखा प्रबंधक सहित आधा दर्जन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

राज्य सहकारी बैंक बरमकेला में 10 करोड़ रुपए का गबन

इन पर गबन के आरोप

कार्रवाई नहीं हुई इसलिए बढ़ी गड़बड़ी

अपराध में इन्होंने दिया साथ

### इस तरह आवंटित होता है लोन

दरअसल अपेक्स बैंक हर सीजन में समिति को एक निर्धारित राशि ऋण आबंटित करने के लिए देता है। इसके बाद किसानों को ऋण आबंटित करने का कार्य समिति प्रबंधक और ऑपरेटर करते हैं। यह ऋण नकद और खाद.बीज के रूप में आबंटित किया जाता है। ऋण के आबंटन के बाद एक निर्धारित अवधि में इसकी रिकव्हरी कर बैंक को लौटानी होती है। ऐसे में अपेक्स बैंक और समितियों के बीच का वित्तीय संतुलन बना रहता है। किंतु इसी प्रक्रिया के बीच फर्जीवाड़ा कर करोड़ों रुपए का गबन किया गया। सूत्र बता रहे हैं कि समितियों ने किसानों को आबंटित ऋण की नकद वसूली करने के बाद राशि को अपेक्स बैंक के खाते में ही जमा नहीं की।

### जांच के लिए बनी टीम लेकिन कार्रवाई नहीं

इस गबन में अपेक्स बैंक और सहकारी समितियों के बीच यह लेनदेन हुआ था और इसी लेनदेन में ही भारी अनियमितता उजागर हुई है। इस मामले में जांच करने के लिए 18 अधिकारियों को जिम्मा सौंपा गया है। रायगढ के 7 और सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले के 2 विकासखंड में 2.2 अधिकारियों को जांच का जिम्मा दिया गया था। बता दें कि बरमकेला में एफआईआर दर्ज हुई है। किंतु रायगढ़ में अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### 6 साल तक चलता रहा फर्जीवाड़ा

इस मामले में जानकार बताते हैं कि किसानों को फर्जी लोन बांटने का काम संगठित गिरोह के द्वारा सफेदपोश नेताओं के इशारे पर जमकर किया गया। कांग्रेस की सरकार रहते हुए कुछ नेताओं ने वर्ष 2018 से लेकर 2023.24 तक धान खरीदी केंद्रों में बड़े ही संगठित तरीके से सत्ता का उपयोग कर फर्जीवाड़े को अंजाम दिया। इस गिरोह ने अपने फायदे के लिए ऐसे लोगों को संबंधित समितियों में पदस्थ कराया जिनके माध्यम से वे इस फर्जीवाड़े को अंजाम दे सकें। जिसके बाद इनकी सहायता से इस लोन फर्जीवाड़े का असली खेल शुरू हुआ। अहम बात यह है कि इसमें ओडिशा से लाए गए धान को भी खपाया गया।

### इधर, अपेक्स बैंक प्रबंधन ने की सख्त कार्रवाई

घोटाले मामले में पुलिसिया कार्रवाई के दूसरे दिन बैंक मुख्यालय द्वारा शाखा बरमकेला के डीएमआर खाते,केसीसी खाते का प्रारम्भिक जांच की गई।। जिसमे शाखा बरमकेला के बैंक कर्मियों द्वारा डीएमआर खातों में नियम विपरीत एवं संदिग्ध ट्रान्जेक्शन तथा समितियों के केसीसी खातों को अनाधिकृत रूप से नामे कर आईएमपीएस ट्रांजेक्शन कर करते हुए प्रारम्भिक जांच में 59.97 लाख का गबन का प्रकरण पाया गया। बैंक मुख्यालय की प्रारम्भिक जांच रिपोर्ट के आधार पर गबन में संलिप्त शाखा प्रबंधक डी.आर.बाघमारे, लेखा अधिकारी मीनाक्षी मांझी तथा लिपिक आशीष पटेल को अपेक्स बैंक मुख्यालय द्वारा निलंबित किया गया तथा विभागीय जांच बिठाई गई। उक्त बैंक कर्मियों द्वारा अपने निजी बैंक आईडी/पासवर्ड का दुरुपयोग करते हुए समिति तथा बैंक के राशि का सुनियोजित तरीके से अन्य 5 आउटसोर्सिंग स्टाफ के साथ मिलकर धोखाधड़ी की गई थी। इसके अलावा प्रारम्भिक जांच में संलिप्त शाखा बरमकेला में आउटसोर्सिंग 5 कर्मी- कम्यूटर आपरेटर लिकेश कुमार बैरागी, कम्प्यूटर आपरेटर रमाकांत श्रीवास, डंडा गार्ड अरुण चंद्राकर, डंडा गार्ड खीरदास महंत तथा डंडा गार्ड बालकृष्ण कर्ष को सेवा से बर्खास्त किया गया तथा पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज किया गया।

# प्रेशर आईईडी, एसटीएफ के दो जवान हुए घायल

**करेंगुट्टा पहाड़ पर फोर्स के संकल्प अभियान का 14 वां दिन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सबसे बड़े एंटी नक्सल आपरेशन के दौरान प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से एसटीएफ के दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल बीजापुर में भर्ती किया गया है।

गौरतलब है कि तेलंगाना-बीजापुर के सरहद स्थित करेंगुट्टा की पहाड़ में पिछले 14 दिनों से नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन जारी है। जवान लगातार इलाके की घेराबंदी कर सर्चिंग अभियान चला रहे हैं करेर्गुट्टा के पहाड़ में चल रहे सबसे बड़े एंटी नक्सल आपरेशन में हजारों जवानों की तैनाती की गई है।

अभियान के 14वें दिन एसटीएफ के 2 जवान प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से घायल हो गए। घायल जवानों को तत्काल रेस्क्यू कर कैम्प में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया है जहां उनका उपचार जारी है। घायल जवानों का नाम थानसिंह व अमित पांडे बताया जा रहा है जो एसटीएफ के बताए जा रहे है। बम की चपेट में आए जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। दोनों जवानों के पैर में चोटें आई हैं।

### अब तक दो सौ से अधिक आईईडी बरामद

सबसे बड़े एण्टी नक्सल आपरेशन के दौरान जवानों ने अब तक 2 सौ से अधिक आईईडी बरामद कर चुके है। वहीं आईईडी निष्क्रिय करने के दौरान अब तक आधा दर्जन जवान भी घायल हो चुके है। कुछ जवानों को बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है। वहीं इस अभियान में अब तक सुरक्षाबलों द्वारा मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों को ढेर किया जा चुका है।

# आईईडी-डेटोनेटर समेत दो नक्सल सहयोगी पकड़े गए

**डीआरजी बल, बीडीएस व नारायणपुर पुलिस को मिली सफलता**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

डीआरजी बल, बीडीएस टीम एवं नारायणपुर पुलिस ने दो नक्सल सहयोगियों को कुकर आईईडी, डेटोनेटर समेत पकड़ा है। आरोपी कई घटनाओं में शामिल थे। कैम्प कड़ेमेटा से डीआरजी बल एवं पुलिस पार्टी गश्त सर्चिंग वास्ते निकली थी। थाना छोटेडोंगर के ग्राम छोटेबुरगूम के जंगल में रोड किनारे 1 नग कुकर आईईडी मिट्टी में गाड़कर प्लांट किया गया था। 2 संदेही पुलिस को देखकर भागे। घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ करने पर बताया गया कि सुकमन कोर्राम एवं बुधराम कोर्राम उर्फ विश्वनाथ निवासी तुशवाल हैं। इनके द्वारा नक्सलियों के कहने पर पुलिस को नुकसान पहुचाने की नियत से बुरगूम रोड किनारे कुकर आईईडी लगाया था। उनकी निशानदेही पर कूकर आईईडी बम बरामद कर मौके पर ही बीडीएस टीम के द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए विस्फोटक कुकर आईईडी का नष्टीकरण किया गया।





### कई घटनाओं में थे शामिल

आरोपियों ने बताया कि थाना छोटेडोंगर क्षेत्रान्तर्गत 21 फरवरी को ग्राम तोयामटा, हितुलवाड़, कावानार एवं मढ़ोनार रोड निर्माण कार्य बाधित करने एवं डीआरजी बल से झूमा झटकी करने और आईईडी लगाने की घटनाओं में शामिल था। आमदई एरिया कमेटी के नक्सली संगठन में जैयसिंह, सुकमन, बल्ली, सोनू, रैनू, पाकलू, सकरू, मनाजी, रामधेर, महेश, महादेव, बीरसिंह, बनसिंह एवं अन्य लोगों के साथ बम तैयार करने व रेकी करने में शामिल रहा था। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।




**तीन माह पहले ही हो चुका था एक्सपायर**

# सिविल अस्पताल सुपेला में मरीज को चढ़ा दिया एक्सपायर्ड ग्लूकोज, शिकायत पर डॉक्टर ने कहा- मरा तो नहीं !

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शासकीय लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में सीनियर नर्स की बड़ी लापरवाही सामने आई है। उन्होने एक मरीज को एक्सपायरी ग्लूकोज चढ़ाने का मामला सामने आया है। मरीज को जब खुजली और जलन होने लगी तो परिजनों ने इसे चेक किया। तब इसका खुलासा हुआ कि जो ग्लूकोज की सलाइन चढ़ाई गई है वह तीन महीने पहले ही एक्सपायर हो चुकी है। डॉक्टर से इसकी शिकायत करने के बाद उन्होने मरीज के परिजनों से यह कह दिया कि मरीज मरा तो नहीं है, ये ठीक है। शिकायत के बाद इस मामले की जांच के लिए अस्पताल प्रभारी ने टीम गठित कर दी है।






### जांच टीम गठित

हमने मरीज को एक्सपायरी सलाइन चढ़ाने की शिकायत पर जांच टीम बैठा दी है। जो नर्स एक्सपायरी सलाइन चढ़ाई है वह सीनियर नर्स है और बेहद गंभीरता से कार्य करती रही है। लेकिन यह चूक कैसे हुई इसकी जांच करवाई जा रही है। जांच के बाद ही आगे कार्रवाई तय हो सकेगी। **-डॉ. पियम सिंह**, प्रभारी चिकित्सक, सुपेला

### दर्द की वजह से अस्पताल में हुआ भर्ती

मरीज छावनी निवासी दीपक कुमार है। वह छावनी में एक रिश्तेदार के यहां आया हुआ था। परिजनों ने बताया कि दीपक को रविवार की रात हाथ-पैर में दर्द हुआ। चक्कर आने लगे। तबियत अचानक बिगड़ने की वजह से उसे सुपेला सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। रात ड्यूटी में डॉ. मंजू राठौर थी। उन्होने मरीज को भर्ती किया। डॉ. मंजू ने मरीज को जनरल वार्ड में भर्ती करवाया और डेक्सट्रोज इंजेक्शन आई चढ़ाने के लिए लिखा। नाइट ड्यूटी में नर्स की ड्यूटी थी उसे दवा काउंटर से सलाइन लेकर मरीज को चढ़ाया।

रायपुर

मंगलवार 6 मई 2025

वैशाख शुक्ल पक्ष नवमी

वर्ष : 23, अंक : 288

पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**


**मौसम**

अधि. 38.2

न्यून. 25.6


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



5

मेट गाला के रेड कारपेट पर सबसे...





विचार पेज

4 विश्व में चीनी माल की बाढ़ संभव


# व्यापम में थोक में परीक्षाएं, मार्च 2026 तक के लिए जारी किया कैलेंडर, पुराने शेड्यूल में नई भर्ती भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा मार्च 2026 तक के लिए शैक्षणिक कैलेंडर जारी किया गया है। इसके पूर्व में व्यापम द्वारा दिसंबर 2025 तक का शेड्यूल जारी किया गया था। मार्च 2026 तक नई भर्तियों के लिए अधिसूचना जारी करने के अलावा पूर्व में जारी किए गए शेड्यूल में भी व्यापम ने नई भर्ती जोड़ी है। जारी किए गए कैलेंडर के अनुसार, अगले वर्ष शुरुआती तीन माह में 6 भर्ती परीक्षाओं के अलावा एक पात्रता परीक्षा भी आयोजित की जाएगी। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा अर्थात टेट का आयोजन एक फरवरी को होगा।

वर्तमान वर्ष में परीक्षाओं के लिए कैलेंडर जारी किए जाने के बाद संचालक स्वास्थ्य सेवा द्वारा व्यापम को आवेदन प्राप्त हुआ था। इस आवेदन के आधार पर व्यापम द्वारा फार्मासिस्ट ग्रेड-2 पर भर्ती की जाएगी। यह परीक्षा 31 अगस्त को होगी। जारी कैलेंडर में फिलहाल केवल संभावित परीक्षा तिथि का ही जिक्र किया गया है। आवेदन तिथि सहित अन्य शेड्यूल बाद में पृथक रूप से जारी होगा।

### नहीं करेंगे पूरे वर्ष इंतजार

व्यापम द्वारा कैलेंडर जारी करने के लिए पूरे वर्ष इंतजार नहीं किया जाएगा। विभागों से भर्ती परीक्षाओं अथवा प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन प्राप्त होते ही शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा। अर्थात व्यापम का कैलेंडर वार्षिक रूप से जारी नहीं होगा। सत्र मध्य में भी शेड्यूल जारी किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त यदि शैक्षणिक कैलेंडर जारी होने के बाद किसी विभाग से भर्ती के लिए आवेदन प्राप्त होता है तो उसके लिए भी अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। कैलेंडर व्यापम ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।



जनवरी से मार्च तक 6 भर्ती परीक्षाएं और एक पात्रता परीक्षा आयोजित करेगा व्यापम

### पहली तिमाही में होगी ये परीक्षाएं (वर्ष-2026)

| विभाग | परीक्षा | संभावित तिथि |
|---|---|---|
| छग पर्यावरण संरक्षण मंडल | रसायनज्ञ | 11 जनवरी |
| एससीईआरटी | छग शिक्षक पात्रता परीक्षा | 1 फरवरी |
| एनआरडीए | उप अभियंता-सिविल व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी | 8 फरवरी |
| मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग | डीटीपी ऑपरेटर एवं अन्य समूह-3 | 1 मार्च |
| मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग | मैकेनिक कम इलेक्ट्रिशियन एवं अन्य समूह-2 | 8 मार्च |
| जल संसाधन विभाग | सहायक मानचित्रकार सिविल | 15 मार्च |
| छग पर्यावरण संरक्षण मंडल | प्रयोगशाला सहायक ग्रेड-2 | 22 मार्च |

शिक्षक पात्रता परीक्षा एक फरवरी को, पर्यावरण संरक्षण मंडल में भी नई भर्तियां

### पुराने शेड्यूल में जोड़ी गई नवीन परीक्षा (वर्ष-2025)

| विभाग | परीक्षा | संभावित तिथि |
|---|---|---|
| संचालक स्वास्थ्य सेवाएं | फार्मासिस्ट ग्रेड-2 | 31 अगस्त 2025 |

# झारखंड शराब घोटाला सीबीआई के हवाले छग के अफसर-कारोबारी पर भी केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

झारखंड की शराब नीति में परिवर्तन कराकर करोड़ों रुपए की गड़बड़ी करने के मामले में ईओडब्ल्यू में दर्ज अपराध की जांच सीबीआई के सुपुर्द कर दी गई है। इस संबंध में राज्य शासन ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। शराब नीति में परिवर्तन कराकर गड़बड़ी करने के मामले में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, एपी त्रिपाठी, अनवर ढेबर सहित झारखंड के आबकारी अफसर तथा अन्य के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने पिछले वर्ष अपराध दर्ज किया था। छत्तीसगढ़ में घोटाले की पृष्ठभूमि तैयार कर यहीं से डुप्लिकेट होलोग्राम लगाकर झारखंड में शराब सप्लाई करने के साथ घोटाले की योजना छत्तीसगढ़ में बनाए जाने की वजह से ईओडब्ल्यू ने यहां अपराध दर्ज किया था।

शराब घोटाला मामले की जांच करने ईओडब्ल्यू के अफसर झारखंड गए तो वहां के अफसरों ने ईओडब्ल्यू के अफसरों को किसी तरह से सहयोग ▶▶|शेष पेज 7 पर

### ईओडब्लू द्वारा दर्ज केस में सहयोग नहीं करने पर राज्य सरकार ने की थी सीबीआई जांच की अनुशंसा



### त्रिपाठी कंसल्टेंट अधिकारी नियुक्त

शराब घोटाला करने एपी त्रिपाठी को झारखंड में शराब नीति बनाने कंसल्टेंट आफिसर नियुक्त किया गया। कंसल्टेंट अफसर नियुक्त होने के बाद त्रिपाठी ने सिंडिकेट के माध्यम से शराब आपूर्ति करने की आड़ में जमकर गड़बड़ी की। आबकारी नीति में परिवर्तन कराने झारखंड विधानसभी में रिसोल्यूशन पास कराया गया।

### इनके खिलाफ अपराध दर्ज

ईओडब्ल्यू ने झारखंड शराब घोटाला मामले में जिन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है, उनमें अनवर ढेबर, अरूणपति त्रिपाठी, अनिल टुटेजा, निरंजन दास के अलावा सिद्धार्थ सिंघानिया, विधु गुप्ता, झारखंड के आबकारी सचिव विनय कुमार चौबे, ज्वाइंट कमिश्नर गजेंद्र सिंह तथा अन्य के नाम शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़ की तर्ज पर बनाई नीति

छत्तीसगढ़ में शराब आपूर्ति करने एजेंसी बनाकर एफएल 10 ए लाइसेंस की तर्ज पर झारखंड में भी उसी तरह की नीति बनाई गई और 1 ए लाइसेंस बनाकर एजेंसी के माध्यम से शराब आपूर्ति करने ठेका दिया गया। इसके लिए झारखंड में पूर्व में जारी ठेका प्रथा को समाप्त किया गया। रायपुर में शराब घोटाला करने के आरोपी झारखंड में सिंडिकेट बनाकर शराब घोटाला किया। झारखंड में शराब नीति में परिवर्तन करने वहां के अफसरों की रायपुर में मीटिंग आयोजित की गई। इसके साथ ही अफसरों को पैसों का लालच देकर झारखंड में शराब नीति में परिवर्तन कराने का आरोप है।

## देहरादून में बादल फटने से सांग नदी में बाढ़, कई पर्यटक फंसे

# 10 राज्यों में बदली-बारिश, छत्तीसगढ़ में कल से बदलेंगे हालात, चढ़ेगा पारा!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

*आधा भारत में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। देश के कई इलाकों में झमाझम बारिश हो रही है। कई इलाकों में ओले भी गिर रहे हैं और तेज हवा का कहर भी जारी है। दिल्ली, यूपी से लेकर मध्य प्रदेश, गुजरात, असम, अरुणाचल प्रदेश, राजस्थान समेत देश के कई इलाकों में झमाझम बारिश हो रही है। आईएमडी का अनुमान है कि आने वाले पांच-छह दिनों तक मौसम का मिजाज इसी तरह का रह सकता है। इधर, छत्तीसगढ़ में बुधवार से तापमान में वृद्धि का अनुमान जताया गया है।*

उत्तर भारत में प्री-मॉनसून का असर साफ नजर आ रहा है, जहां पिछले दो-तीन दिनों से कई क्षेत्रों में आंधी और बारिश का सिलसिला जारी है। दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व दिल्ली, गुड़गांव, नोएडा, फरीदाबाद और मथुरा सहित दिल्ली-एनसीआर के कई क्षेत्रों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इस बीच, उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्व दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, करनाल, पानीपत, हिसार, जींद और बिजनौर जैसे क्षेत्रों में येलो अलर्ट जारी किया गया है, जहां हल्की बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने के साथ तेज हवाएं चलने का अनुमान है। बिहार में गरज, बिजली ▶▶|शेष पेज 7 पर

■ मौसम ने ली करवट, कहीं बारिश-कहीं तेज हवा ने बढ़ाई परेशानी



### उत्तराखंड में बारिश

उत्तराखंड के देहरादून शहर के कई हिस्सों में सोमवार को बारिश हुई। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में मौसम के तेवर तल्ख होंगे।

### यूपी के मुरादाबाद में भारी बारिश

यूपी के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। सोमवार को मुरादाबाद शहर में लगातार बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव हो गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले एक दो दिनों में मौसम के तेवर तल्ख रह सकते हैं।

### शिमला में बारिश

शिमला, कुल्लू, रामपुर, सोलन, मंडी और सिरमौर में ओलावृष्टि और झमाझम बारिश दर्ज की गई. लाहौल की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई, जिससे तापमान में 4 से 6.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सभी जिलाधिकारियों को खराब मौसम को लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिन राज्य में भारी बारिश, ओलावृष्टि और बिजली गिरने की संभावना है।

### मप्र के कई इलाकों में बारिश

मध्य प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का भयंकर असर दिख रहा है। प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश के साथ तेज हवा चल रही है। सोमवार को कई जगहों पर बारिश हुई। ग्वालियर के कुछ हिस्सों में तेज बारिश हुई।

### INDIAN PREMIER LEAGUE स्कोर बोर्ड

दिल्ली 133/7 Vs हैदराबाद 00/0

बारिश के कारण मैच रद्द

आज का मैच

मुंबई Vs गुजरात

समय : शाम 7.30 बजे

*उज्जैन। प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर के परिसर में स्थापित वायु गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली में सोमवार को आग लग गई। महाकालेश्वर मंदिर देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है।

# महादेव सट्टा के आरोपी के साथ फोटो वायरल, टीआई-एसआई पीएचक्यू अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलिस रिकॉर्ड में फरार सटोरिया के पार्टी में शामिल होने के मामले में फोटो वायरल होने के बाद जामुल के थाना प्रभारी कपिल देव पांडेय और छावनी के तत्कालीन थाना प्रभारी रहे उप निरीक्षक चेतन चंद्राकर को पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर अटैच कर दिया गया है। डीजीपी अरुण देव गौतम के आदेश ▶▶|शेष पेज 7 पर

### डीजीपी के आदेश पर कार्रवाई



फरार सटोरिए के साथ पुलिस अफसर की वायरल तस्वीर।

### मामले की हो रही जांच

बहरहाल इस मामले में पुलिस विभाग के अधिकारी द्वारा जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अन्य पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की संभावना बनी हुई है।

*मुख्यमंत्री साय सहित दोनों डिप्टी सीएम, कई मंत्री, सांसद, विधायक सभा में होंगे शामिल*

# केंद्रीय मंत्री शिवराज की 13 को सरगुजा में सभा, प्रदेश को देंगे साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की 13 मई को सरगुजा में बड़ी सभा होगी। इस सभा में प्रदेश को साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात मिलेगी। इसी के साथ सरगुजा संभाग को और कई सौगातें भी मिलने की संभावना है। इस सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम सहित सरगुजा संभाग के मंत्री, सांसद, विधायक, नगर निगम के महापौर, नगरपालिकाओं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित ▶▶|शेष पेज 7 पर



### पीएम आवास का निर्माण भी देखने जाएंगे

सरगुजा के जिला भाजपा अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने बताया, केंद्रीय मंत्री की बड़ी सभा का आयोजन किया गया है। इसी के साथ उनके यहां पर कई और ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सभा में ये होंगे शामिल

सभा में मुख्यमंत्री और दोनों डिप्टी सीएम के अलावा सरगुजा संभाग के मंत्री रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े के साथ संभाग के दस विधायक, तीन सांसद, आधा दर्जन जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर निगमों के महापौर, सभापति, नगरपालिकाओं के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित भाजपा के सभी पार्षद, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी शामिल होंगे।

## अमेरिकी राष्ट्रपति का एक और झटका

# अब विदेशी फिल्मों पर 100 फीसदी ट्रंप टैरिफ



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब देश के बाहर बनी फिल्म पर 100 प्रतिशत का शुल्क लगाने की धमकी दी है। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ' पर रविवार रात को एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने वाणिज्य विभाग और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय को हमारे देश में आने वाली विदेशी जमीन में बनी किसी भी फिल्म पर 100 प्रतिशत का शुल्क लगाने के लिए अधिकृत किया है। उन्होंने लिखा, अमेरिका में फिल्म उद्योग बहुत तेजी से मर रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य देश "फिल्म निर्माताओं और स्टूडियो को अमेरिका से दूर करने के लिए सभी प्रकार के प्रोत्साहन दे रहे हैं।

### शेखर कपूर बोले-हॉलीवुड पर होगा असर

भारतीय फिल्मकार शेखर कपूर ने अमेरिका में आयातित फिल्मों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी देने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सोमवार को आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह कदम उल्टा पड़ सकता है। इसके कारण हॉलीवुड फिल्मकार देश छोड़ने को मजबूर हो सकते हैं। फिल्मकार ने 'एक्स' पर लिखा, इन फिल्मों के बजट का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका के बाहर खर्च किया जाता है।

### ट्रंप ने दो अप्रैल को लगाया था जवाबी टैरिफ

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दो अप्रैल को भारत और चीन सहित कई देशों पर व्यापक पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा की। इसके बाद नौ अप्रैल को ट्रंप चीन और हॉन्गकॉन्ग को छोड़कर नौ जुलाई तक टैरिफ को 90 दिनों के लिए निलंबित करने की घोषणा की थी। क्योंकि लगभग 75 देशों ने व्यापार सौदों के लिए अमेरिका से संपर्क किया था। हालांकि इन देशों पर लगाया गया 10 प्रतिशत का बेसलाइन टैरिफ अभी भी प्रभावी है। इसके अलावा स्टील, एल्युमीनियम और ऑटो कलपुर्जों पर 25 प्रतिशत शुल्क भी लागू है।






# धरती के नजदीक तैर रही सूरज से 3400 गुना भारी चीज, पहली बार इंसानों को आई नजर

वॉशिंगटन। ब्रह्मांड अनगिनत ऐसी चीजे हैं जिनके भारे में शायद इंसान अभी कुछ भी नहीं जानते। हालांकि, विज्ञान हर दिन कुछ ना कुछ नया खोजकर ला रहा है। हाल ही में एक और हैरान कर देने वाला खुलासा किया है। वैज्ञानिकों ने जमीन के बहुत नजदीक एक रहस्यमय बादल की तलाश की है। कहा जा रहा है कि यह बादल अभी तक हमारी नजरों से छिपा हुआ था।

## ईओस धरती से महज 300 लाइट ईयर्स है दूर



27 अप्रैल 2025 को वैज्ञानिकों ने इस बादल की खोज के बारे में सार्वजनिक तौर पर बताया है। साथ ही बताया कि ईओस धरती से महज 300 लाइट ईयर्स दूर है, जो इसे हमारे सौर मंडल के सबसे पास देखा गया ऐसा पहला बादल बनाता है। यह आकार में भी बहुत बड़ा है और सूरज से करीब 3400 गुना भारी। अगर, हम इसे धरती से देख पाते तो यह आकाश में 40 पूरे चंद्रमाओं जितना बड़ा दिखता।



## 60 लाख साल बाद धीरे-धीरे हो जाएगा खत्म

रिपोर्ट में बताया कि ईओस का आकार एक आधे चांद जैसा है और यह लोकल बबल के बॉर्डर पर तैर रहा है। हालांकि, यह बादल हमेशा नहीं रहेगा और अगले 60 लाख सालों में धीरे-धीरे खत्म हो जाएगा। वैज्ञानिकों ने कोरिया के सैटेलाइट स्टसाट-1 पर लगे एक खास उपकरण का इस्तेमाल किया, जो अल्ट्रावायलेट रोशनी में हाइड्रोजन के अणुओं को देख सकता है। यह पहली बार है जब किसी गैसीय बादल को सीधे अल्ट्रावायलेट रोशनी में देखकर खोजा गया है।

## कैसे बनते हैं सितारे अब पता चल जाएगा

वैज्ञानिकों का कहना है कि अब हमारे पास यह जानने का मौका है कि सितारे और ग्रह कैसे बनते हैं, क्योंकि ऐसे बादलों में वही कच्चा माल होता है जिससे नई तारों और ग्रहों की रचना होती है।

## रोचक खबरें



## कहने को जुड़वां बहनें, लेकिन दोनों को चाहिए एक ही बॉयफ्रेंड, तीनों रहेंगे साथ!

**सिडनी।** जुड़वां लोगों के बीच हमेशा से ही एक-दूसरे के साथ खास रिश्ता होता है। आइडेंटिकल ट्विन्स को छोड़ दें तो आमतौर जुड़वां लोगों की सोच, पसंद अलग-अलग होती है। लेकिन, आज हम आपको एक ऐसी जुड़वां बहनों से मिलवाने जा रहे हैं, जो एक-दूसरे के साथ सबकुछ शेयर करती है। ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली ये लड़कियां आइडेंटिकल ट्विंस हैं और सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के साथ अक्सर फोटो और वीडियो शेयर करती रहती है। लेकिन, हाल ही में इन लोगों ने कुछ ऐसा खुलासा किया, जिसके बारे में जानकर लोग हैरान है। इन जुड़वां बहनों का नाम एप्रिल मैडिसन और अमेलिया मैडिसन है, जो ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में रहती हैं। दोनों का कहना है कि हमारे बीच का रिश्ता बहुत ही मजबूत है। हम कपड़े भी एक जैसे पहनते है। ऐसे में अब हम चाहते हैं कि हमारा बॉयफ्रेंड भी एक ही हो। इन्होंने फ्यूचर प्लान भी बताया। 20 साल की जुड़वां बहनों ने अपने इस अनोखे फैसले के बारे में बताते हुए कहा कि वे एक ही बॉयफ्रेंड को शेयर करके 'थ्रपल' बनाना चाहती है। बता दें कि बचपन से ही ये बहनें एक-दूसरे के साथ बार्बी, साइकिल, कपड़े और मेकअप सब कुछ शेयर करती आई हैं और अब वे अपने सपनों का पुरुष भी साथ मिलकर चुनना चाहती है।

## कैदी से प्यार, जेल में की शादी, 4 सालों तक बीवी करती रही छूटने का इंतजार!

**लंदन।** कहते हैं, प्यार अंधा होता है। पर कई लोग प्यार में इतने अंधे हो जाते हैं कि वो इंसान को ही नहीं पहचान पाते। ऐसी ही गलती ब्रिटेन की एक महिला ने भी की, जब उसे विदेशी कैदी से प्यार हो गया। दोनों के बीच बातें होने लगीं, उसे वो इतना पसंद आ गया कि महिला ने विदेश जाकर कैदी से जेल में ही शादी कर ली और उसके साथ जिंदगी बिताने के इंतजार में छूटने की राह देखने लगी। पर जब लगभग 4 साल बाद पति छूटा, तो उसने ऐसा कांड कर दिया, कि वो बीवी के मन से उतर गया और महिला सब कुछ छोड़छाड़कर स्वदेश लौट गई। एक रिपोर्ट के अनुसार एमा ब्रैडफोर्ड 33 साल की हैं और ब्रिटेन की रहने वाली है। हाल ही में अमेरिकी रिएलिटी सीरीज प्रिज़न ब्राइड में शामिल हुईं जिसमें उन्होंने अपनी लाइफ के बारे में एक चौंकाने वाली बात बताई. एमा को अमेरिका के एक कैदी कर्टिस से प्यार हो गया था। दरअसल, अमेरिका की जेलों में पेन-पाल प्रोग्राम चलते हैं, जिसके तहत बाहरी लोग कैदियों को चिट्ठी लिख सकते हैं और कैदी भी उनका जवाब दे सकते है। बस इसी प्रोग्राम के तहत एमा की बातचीत कर्टिस से साल 2021 में शुरू हुई थी। कर्टिस 7 सालों के लिए जेल में बंद थे क्योंकि वो किसी व्यक्ति से कार छीनकर चुराने के आरोप में दोषी करार दिए गए थे। एमा के मन में उनके लिए प्यार जागने लगा। दोनों के बीच फोन से बातें शुरू हो गईं। 8 महीनों बाद एमा अमेरिका पहुंच गईं और अपने प्रेमी से पहली बार मुलाकात की।



## चींटी की तरह मसलना वाली कहावत जाएंगे भूल, डंक से हो सकती है मौत

**न्यूयार्क।** आमतौर पर चींटी को सबसे निरीह, कमजोर प्राणी माना जाता है। संभवतया इसलिए ये कहावत बनी कि चींटी की तरह मसल दिया जाएगा। इनके घरों में आने के बारे में ये भी कहा जाता है कि ये बारिश का संकेत देता है। कई जगह ये भी मान्यता है कि इनका घरों में आना बरक्कत देता है। इन सबके बीच वैज्ञानिकों ने एक ऐसी चींटी की खोज की है जो निरीह तो बिल्कुल नहीं है। यदि इसने एक भी डंक मार दिया तो वो खतरनाक हो सकता है। यदि सही समय पर इलाज नहीं किया जाए तो जानलेवा भी साबित हो सकता है। अमेरिकी वैज्ञानिकों ने इस खतरनाक प्रजाति की चींटी का नाम एशियाई निडल दिया है। इस चींटी का डंक दर्दनाक अनुभव देता है और इस कारण व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। यूनिवर्सिटी ऑफ जॉर्जिया के प्रोफेसर डैन सुइटर के मुताबिक इस चींटी की खोज अमेरिका में 90 साल पहले हुई थी, लेकिन इसके खतरनाक स्वरूप की खोज अब हुई है। जापान और एशियाई क्षेत्रों में पाए जाने के कारण इसका नाम एशियाई निडल रखा गया। इसका मौजूदा वैज्ञानिक नाम ब्रैचिपोनेरा चिनेंसिस है। हाल के वर्षों में अमेरिका में इस चींटी के डंक के कारण एलर्जी के कई मामले सामने आए है। उनका अध्ययन करने के बाद ही वैज्ञानिकों ने इसको मेडिकल लिहाज से महत्वपूर्ण कीट घोषित किया है। पिछले साल इस तरह के तीन मामले सामने आए जिनमें इस चींटी के कारण लोगों को एलर्जी की गंभीर समस्याएं हुईं।



# वैज्ञानिकों ने खोजी पूरे ब्रह्मांड को पलभर में खत्म करने वाली चीज, ऐसे तबाह हो जाएगा सबकुछ!

न्यूयार्क। दुनिया 13.6 अरब साल से वजूद में है। वैज्ञानिक सदियों से इस पर नज़र रख रहे हैं। आकाशगंगाएं प्लानेट्स-बाहरी ग्रह और तारे हैं जिनके बारे हम अभी जानने की कीशिश जारी हैं। इनमें से अभी भी बहुत कुछ ऐसा है जो अभी तक खोजा नहीं जा सका है, जिसमें सबसे अहम एलियन की जिंदगी भी शामिल है। हालांकि, यह सब एक दिन खत्म होना ही है। कायनात का वजूद भी खत्म हो जाएगा। इसे लेकर वैज्ञानिकों ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। दरअसल, वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्लैक होल लगातार पदार्थ को खाए जा रहा है और तारों के लगातार मरने और पैदा होने के बावजूद ब्रह्मांड आज काफी स्थिर है।

## क्या हिग्स फील्ड अस्थिर है?

हिग्स क्षेत्र एक इनविजिबल एनर्जी फील्ड



है जो पूरे ब्रह्मांड में फैला हुआ है। यह एक ऐसी जगह है जहां मूल कणों को द्रव्यमान मिलता है और इसमें कुछ खास गुण होते हैं। इसे लेकर वैज्ञानिकों का मानना है कि हिग्स स्थिर तो दिखता है, लेकिन यह एक झूठी या अस्थायी वैक्यूम अवस्था में हो सकता है। इससे भी कम अवस्था में प्रवेश कर सकता है। सभी क्वांटम फील्ड अपनी सबसे कम ऊर्जा अवस्था तक पहुंचने के लिए पाबंद हैं। हिग्स के लिए भी यही सच है। अगर यह अभी अपने सबसे निचले बिंदु पर नहीं है, तो किसी दिन ऐसा होने की संभावना है। इससे हिग्स क्षेत्र में बदलाव आएगा।

## ब्रह्मांड हो जाएगा खत्म!

जबकि फिजिक्स में अस्थिरता को मिथ्या वैक्यूम क्षय के रूप में भी जाना जाता है। जब ऐसा होता है तो एक तूफान जैसी स्थिति पैदा होगी, जो ब्रह्मांड में फैल जाएगी और सब कुछ खत्म कर देगी। फिजिक्स के नियम जो ब्रह्मांड की मौजूदा हालात को देखकर बनाए जाते हैं। वो भी बदल जाएंगे. वहीं, विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र एक ऐसा ही क्वांटम क्षेत्र है।ये कर्व्ड मैगनेटिक लाइंस के टुकड़ों को खींचने के लिए जिम्मेदार होती हैं।





## 'ब्रह्मांड अब वह जीवंत स्थान नहीं रह जाएगा जो आज है'

साथ ही, ब्रह्मांड की भौतिकी और रसायन शास्त्र में भी बदलाव आएगा। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में सैद्धांतिक भौतिकी के प्रोफेसर डेविड टोंग कहते हैं जब ऐसा होता है, तो 'हाइड्रोजन के अलावा ज्यादातर परमाणु अस्तित्व में नहीं रह जाते और विघटित हो जाते हैं।' उन्होंने पॉपुलर मैकेनिक्स का जिक्र करते हुए बताया, 'परमाणु अभिक्रियाएं अब काम नहीं करतीं, इसलिए तारे चमकने में विफल हो जाते हैं। रसायन विज्ञान विंडो से बाहर चला गया है, इसलिए जीवन संभव नहीं है। ब्रह्मांड अब वह अद्भुत, जीवंत स्थान नहीं रह जाएगा जो आज है।'



## तबाही के पीछे का कारण

इस तबाही के पीछे ब्रह्माण्ड पर बुलबुला नामक कुछ होगा। यह बुलबुला तब होता है जब ट्रू वैक्यूम ब्रह्मांड के एक हिस्से से पूरे ब्रह्मांड में फैलता है। जर्मनी में फ़ोर्सचुंग्सजेंट्रम जुलिच के पोस्टडॉक्टरल रिसर्चर जाका वोडेब, पीएच.डी. और उनकी टीम ने एक स्टडी प्रकाशित किया है, जिसमें कहा गया है कि 'ब्रह्माण्ड संबंधी बुलबुले जटिल इंटरऐक्शन के माध्यम से फैलते हैं।' थ्योरी एक तरीका पेश करता है कि जिससे ब्रह्मांड खत्म हो सकता है। हालांकि, टोंग कहते हैं कि यह घटना 'ब्रह्मांड की मौजूदा उम्र से करीब एक अरब, अरब, अरब, अरब, अरब, अरब गुना ज्यादा वक्त लेती है। इसलिए, जब भी ऐसा होगा। इंसान मुमकिन तौर पर बहुत पहले ही समाप्त हो चुके होंगे।

# रात में फिरोजी पत्थर की तरह चमकती है यह रहस्यमयी झील

जकार्ता। दुनियाभर में कई बेहद खूबसूरत झीलें हैं। इनमें कई बेहद खतरनाक और रहस्यमयी भी हैं। इन झीलों के रहस्य के बारे में अभी तक वैज्ञानिक भी नहीं पता लगा पाए हैं। इंडोनेशिया की कावाह इजेन झील भी इन्हीं झीलों में से एक है। यह दुनिया की सबसे ज्यादा अम्लीय झील है। इस झील के पानी का तापमान करीब 200 डिग्री सेल्सियस बना रहता है, लेकिन इस झील का रंग रहस्यमयी है। इसका पानी रात में फिरोजी पत्थर की तरह चमकने लगता है। इंडोनेशिया में अक्सर भूकंप आते रहते हैं। इसके कारण ज्वालामुखी के फटने की घटनाएं होती रहती हैं। प्रशांत महासागर के किनारे-किनारे स्थित यह क्षेत्र दुनिया का सबसे खतरनाक भू-भाग माना जाता है। इसको रिंग ऑफ फायर भी कहा जाता है।



## लगातार खौल रही है सक्रिय ज्वालामुखी

झील इतनी खतरनाक है कि इसके आसपास खुद वैज्ञानिकों की भी लंबे समय तक रहने की हिम्मत नहीं हुई। कई सालों के रिसर्च के बाद वैज्ञानिकों ने इस फिरोजी रंग का पता लगाया। यह सक्रिय ज्वालामुखी लगातार खौल रही है जिससे हाइड्रोजन क्लोराइड, सल्फ्यूरिक डाइऑक्साइड जैसी कई तरह की गैसें निकलती हैं। इन्हीं गैसों के आपस में मिलने से प्रतिक्रिया होती है जिससे नीला रंग निकलता है। यह नीला रंग ज्वालामुखी से निकलते धुंए का भी होता है और झील के पानी का भी।



## लगातार चर्चाओं में रहा झील का पानी

वैज्ञानिकों ने झील की अम्लीयता की जांच करने के लिए तेजाब से भरे इस झील के पानी में एलुमीनियम की मोटी चादर को करीब 20 मिनट के लिए डाला। जब मोची चादर को निकाला गया तो इस चादर की मोटाई पारदर्शी कपड़े जितनी बची हुई थी। ज्वालामुखी के कभी भी फटने की आशंका की वजह से इंडोनेशिया की सरकार ने आसपास चेतावनी लगा दी थी। साल 2012 से यहां पर कोई नहीं पहुंचा, लेकिन इस झील का पानी लगातार चर्चाओं में रहा। हालांकि, अभी इस झील से जुड़े कई रहस्य हैं जिनका अभी तक नहीं पता चल पाया है।

## इस देश में भाई-बहन करते थे आपस में शादी वजह जानकर आप भी रह जाएंगे दंग!



**काहिरा।** आज अगर कोई कहे कि भाई-बहन आपस में शादी कर रहे हैं, तो सुनकर ही अजीब लगता है। लेकिन, प्राचीन मिस्र में ये बात बिल्कुल आम थी, खासकर वहां के राजपरिवारों में। मिस्र के राजा और रानी भाई-बहन होते हुए भी शादी करते थे, इसके पीछे एक बहुत ही खास वजह थी सत्ता और शुद्ध वंश बनाए रखना।

**शाही परिवारों में भाई-बहन में शादी** : मिस्र की प्राचीन मान्यताओं के अनुसार, राजा और रानी को धरती पर भगवान का रूप माना जाता था। मिस्र के देवता ओसिरिस और देवी आइसिस को भाई-बहन और पति-पत्नी दोनों माना जाता था। राजपरिवार मानता था कि अगर वे भी आपस में शादी करेंगे, तो वे खुद को ईश्वरीय शक्ति का उत्तराधिकारी साबित कर सकते हैं।

इतिहास में कई ऐसे उदाहरण मिलते हैं जहां भाई-बहन ने शादी की। मिस्र के राजा सेनवोरेट (1961 ई.पू. – 1917 ई.पू.) ने अपनी बहन से विवाह किया था। अमेनहोटेप प्रथम (1525 ई.पू. – 1504 ई.पू.) और क्लियोपैट्रा सातवीं (51 ई.पू. – 40 ई.पू.) ने भी अपने भाइयों से शादी की थी। इतना ही नहीं, रैमेसेस द्वितीय ने तो अपनी बेटी से ही विवाह कर लिया था। शादी का ये चलन सिर्फ राजपरिवार तक ही नहीं रहा। ईसा पूर्व 30 से 395 ई. के बीच जब मिस्र पर रोमन शासन था, तब आम लोग भी अपने बच्चों की शादी भाई-बहन के बीच करने लगे। उन्हें लगता था कि ऐसा करने से परिवार मजबूत रहेगा और संपत्ति बंटेगी नहीं।

# दुनिया का सबसे खतरनाक जहर, सिर्फ एक ग्राम से ही हो सकती है हजारों लोगों की मौत

**लंदन।** सबसे खतरनाक जहर का नाम सनते ही सबसे पहले हमारे दिमाग में सायनाइड का नामा आता है। सायनाइड बेहद खतरनाक जहर है, लेकिन इससे अभी एक खतरनाक जहर है। इस जहर का नाम पोलोनियम 210 है। हालांकि, इसके बारे में बेहद काम लोग जानते होंगे। कहा जाता है कि इसके सिर्फ एक ग्राम से ही हजारों लोगों को मौत हो सकती है। इसकी वजह से इसे दुनिया का सबसे खतरनाक जहर माना जाता है। यह शरीर में प्रवेश करते ही रेडिएशन से शरीर के आंतरिक अंगों, डीएनए और इम्यून सिस्टम को इतनी तेजी से बदलता है कि पल भर में इंसान की जान चली जाती है। आइए जानते हैं कि आखिर पोलोनियम 210 क्या है और इसकी खोज किसने की थी? दरअसल, पोलोनियम 210 एक रेडियोएक्टिव तत्व है। इससे निकलने वाला रेडिएशन इंसान के शरीर के अंदरूनी अंगों के साथ-साथ डीएनए और इम्यून सिस्टम को भी तेजी से तबाह कर सकता है। किसी मृत शरीर में इसकी मौजूदगी का पता लगाना भी बेहद ही मुश्किल होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि भारत में तो इस जहर की जांच भी मुमकिन ही नहीं है।



## इसी जहर से हुई थी यासिर अराफात की मौत

इसके अलावा माना जाता है कि इजराइल के सबसे बड़े दुश्मन माने जाने वाले फिलिस्तीनी नेता यासिर अराफात की मौत भी इसी जहर से हुई थी। इसकी जांच के लिए उनके शव को दफनाने के कई साल बाद कब्र से निकाला गया था। स्विट्जरलैंड के वैज्ञानिकों ने यह दावा किया कि उनके शव के अवशेषों में रेडियोधर्मी पोलोनियम-210 मिला था।

## 1898 में पोलोनियम-210 की हुई थी खोज

मशहूर भौतिकविद और रसायनशास्त्री मैरी क्यूरी ने साल 1898 में पोलोनियम-210 की खोज की थी। मैरी क्यूरी को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में रेडियम के शुद्धीकरण (आइसोलेशन ऑफ प्योर रेडियम) के लिए रसायन शास्त्र का नोबेल पुरस्कार भी दिया गया था। इसके अलावा उन्हें रेडियोएक्टिविटी की खोज के लिए भौतिकी का नोबेल पुरस्कार भी मिला था। वैसे पोलोनियम का नाम पहले रेडियम एफ रखा गया था, लेकिन बाद में इसे बदल दिया गया।

## बहुत मुश्किल है इसे पहचानना

वैज्ञानिकों के मुताबिक, पोलोनियम-210 अगर नमक के छोटे कण जितना भी इंसान के शरीर में चला जाए तो पल भर में उसकी जान जा सकती है। इसे पहचानना बहुत मुश्किल है, क्योंकि अगर इसे खाने में मिला दिया जाए तो इसके स्वाद का पता ही नहीं चल पाता। कहा जाता है कि पोलोनियम जहर की पहली शिकार इसकी खोजकर्ता मैरी क्यूरी की बेटी ईरीन ज्यूलियट क्यूरी थी, जिसने इसका एक छोटा सा कण खा लिया था। इसकी वजह से उनकी तुरंत ही मौत हो गई थी।


बगलिहार बांध, रामबन

बदल गया चिनाब नदी का नजारा

जहां रहता था 25-30 फीट पानी, वहां अब महज 2-3 फीट ही पानी शेष

# 'सूख' गया चिनाब... पाकिस्तान पर वॉटर स्ट्राइक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत सरकार ने बगलिहार और सलाल बांध के पूरी तरह बंद कर बाद पाकिस्तान पर वॉटर स्ट्राइक कर दी है। चिनाब नदी के वॉटर लेवल में भारी गिरावट दर्ज की गई है। जहां कभी 25-30 फीट पानी बहता था अब वहां महज 2-3 फीट ही शेष है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि के निलंबन के बाद जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में चेनाब नदी पर सलाल बांध के सभी द्वार बंद कर दिए गए थे, जिसके बाद नदी का जल स्तर कम दर्ज किया गया । इसी तरह, जम्मू-कश्मीर के ही रामबन जिले में चेनाब नदी पर स्थित बगलिहार बांध का भी पानी का प्रवाह रोका गया। इसके बाद वहां भी सोमवार को जलस्तर काफी कम हो गया।


सलाल बांध, रियासी

## वीडियो बनाते दिखे लोग

जलप्रवाह कम होने पर कई स्थानों पर सैकड़ों लोग पैदल चिनाब नदी पार करते हुए वीडियो बनाने के लिए उमड़ पड़े। नदी में कई उत्सुक स्थानीय लोगों ने टखने तक गहरे पानी में सोने-चांदी के आभूषण और सिक्के भी तलाशने शुरू कर दिए। इधर, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को लोगों को जम्मू के अखनूर सेक्टर में चिनाब नदी को पैदल पार न करने की चेतावनी दी। पुलिस अधिकारी ने लोगों से बाहर निकलने का अनुरोध करते हुए कहा, "जलग्रहण क्षेत्र में बारिश हुई है और अचानक जल-स्तर बढ़ने की आशंका है।'



**यह कहा लोकल लोगों ने :** स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने कभी भी जल प्रवाह में इस स्तर तक गिरावट नहीं देखी। स्थानीय निवासी अंकुर शर्मा ने कहा, "संधि के निलंबन से सरकार को पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए बाढ़ और सूखे जैसे चक्र को शुरू करने का मौका मिल गया। अखनूर में स्थानीय व्यक्ति रामसुर शर्मा ने कहा कि मैं 75 साल का हूं, लेकिन यह पहली बार है जब मैंने देखा है कि चिनाब नदी का पानी रोका जा सकता है। वहीं स्थानीय निवासी कल्याण सिंह ने कहा, 'मैं आज चिनाब के किनारे आया था। मैंने यहां पर देखा यहां पर जो पानी है। कम से कम 25 से 30 फुट बहता था और आज इसमें महज डेढ़ से दो फुट पानी ही बचा हुआ है।

## पुंछ में सेना का एक्शन, आईईडी और वायरलेस सेट बरामद



**पुंछ।** अधिकारियों के अनुसार, सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और एसओजी द्वारा संयुक्त तलाशी अभियान में ठिकाने से पांच आईईडी, वायरलेस सेट और कुछ कपड़े बरामद किए गए। यह बरामदगी पहलगाम में 26 लोगों की हत्या करने वाले आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए बड़े पैमाने पर की जा रही तलाशी के बीच हुई है। सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त तलाशी अभियान में पुंछ के सुरनकोट के जंगली इलाके में आतंकियों के छिपे ठिकाने का पता लगाया। सूत्रों के अनुसार, बरामद किए गए आईईडी में, तीन टिफिन बॉक्स में और दो स्टील की बाल्टियों में छिपाए गए थे।

### बीएसएफ ने घुसपैठ कर रहे पाकिस्तानी को किया गिरफ्तार

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाक के बीच तनाव बढ़ गया है। पंजाब के गुरदासपुर से सीमा सुरक्षा बल ने एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पाकिस्तानी युवक गुंजरावाला का रहने वाला है, उसके पास से कुछ रुपए और आईडी कार्ड बरामद हुआ है। बीएसएफ ने पाकिस्तानी नागरिक को 3 मई 2025 को रात 23:10 बजे उस वक्त गिरफ्तार किया जब वो भारतीय सीमा में घुस रहा था, तभी जवानों की नजर उस पर पड़ी और उसे धर दबोचा।

खुफिया जानकारी लीक होने की आशंका

# भारत की डिफेंस वेबसाइटों पर पाकिस्तान का साइबर अटैक!

